संख्या-192/2022/1791ई/23-11-2022/010-1-1-37-2019

प्रेषक,

राजकुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

**लोक निर्माण अनुभाग-11** **लखनऊ : दिनांक 04 दिसम्बर,2022**

**विषयः-**वित्तीय वर्ष 2022-23 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत तहसील/ब्लाक/मुख्यालय को 02 लेन मार्गो से जोड़े जाने हेतु मार्गो का निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढीकरण के चालू कार्यो पर धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1),लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-2166/CE-HQ1/BLKMUKH/GON/2022-23, दिनांक 18-11-2022, पत्र संख्या-2181/CE-HQ1/BLKMUKH/ BAR/2022-23, दिनांक 21-11-2022, पत्र संख्या-2214/CE-HQ1/BLKMUKH/VNS/2022-23, दिनांक 22-11-2022, पत्र संख्या-2213/CE-HQ1/BLKMUKH/ AZM/2022-23, दिनांक 22-11-2022, पत्र संख्या-2262/CE-HQ1/BLKMUKH/MIR/2022-23, दिनांक 25-11-2022 एवं पत्र संख्या-2320/CE-HQ1/ BLKMUKH/ALI/2022-23, दिनांक 28-11-2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत तहसील/ब्लाक/मुख्यालय को 02 लेन मार्गो से जोड़े जाने हेतु मार्गो का निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढीकरण योजना के अधोलिखित तालिका में अंकित 07 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल रू0 1793.98 लाख (रू0 सत्रह करोड़ तिरान्बे लाख अट्ठान्बे हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

(धनराशि रूपये लाख में)

| क्र0 सं0 | खण्ड/ जनपद का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत/ प्रावैधिक/ बचत के उपरान्त लागत | अब तक आवंटन | अवमुक्त धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नि0ख0 बलरामपुर | जनपद बलरामपुर में श्रीदत्तगंज विकास खण्ड मुख्यालय को जोड़ने वाले मार्ग श्री दत्तगंज बाजार भाग (पीलीभीत बस्ती मार्ग राज्य मार्ग सं0-26 का परित्यक्त भाग) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 2.00 कि0मी0)। | 741.67<br>739.80 | 593.34 | 146.46 |
| 2 | नि0ख0-1 शाहजहांपुर | जनपद शाहजहांपुर में लिपुलेक-भिण्ड मार्ग (राज्य मार्ग सं0-29) के कि0मी0 471 ददरौल ब्लाक को 02 लेन मार्ग से जोड़ने वाले मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 1.710 कि0मी0)। | 488.03<br>346.62 | 338.02 | 8.60 |
| 3 | प्रा0ख0 गाजीपुर | जनपद गाजीपुर में ब्लाक मुख्यालय मनिहारी को दो लेन से जोड़ने हेतु गाजीपुर-शादियाबाद-बहरियाबाद के कि0मी0 18 से 24 तक, अन्य जिला मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य (लम्बाई 6.00 कि0मी0)। | 378.86<br>378.72 | 353.86 | 24.86 |
| 4 | नि0ख0-1 वाराणसी | जनपद वाराणसी में वाराण्सी भदोही मार्ग (कि0मी0 26) से सेवापुरी ब्लाक तक मार्ग (ग्रामीण मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 3.00 कि0मी0)। | 2198.46<br>2185.92 | 20.00 | 546.48 |
| 5 | नि0ख0-2 आजमगढ़ | जनपद आजमगढ़ में विकास खण्ड मिर्जापुर को दो लेन मार्ग से जोड़ने हेतु आसुत-मिर्जापुर-माहुल-बेलवाई मार्ग (प्र0जि0मा0 सं0-158ई) के कि0मी0 12 (200) से 23 (कुल लम्बाई 11.200 कि0मी0) में चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। | 2353.26<br>2110.05 | 2041.00 | 69.00 |
| 6 | नि0ख0-2 मीरजापुर | जनपद मीरजापुर में रानीबाग से जलालपुर वाया ब्लाक मार्ग (अ0जि0मा0, लम्बाई 9.05 कि0मी0) के दो लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (भूमि अध्याप्ति सहित)। | 2994.58<br>2991.58 | 772.90 | 747.90 |
| 7 | नि0ख0-1 एटा | जनपद एटा में जलेसर सिकन्द्राराऊ मार्ग (अ0जि0मा0, लम्बाई 12.600 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। | 1266.50<br>1115.30<br>851.55 | 600.00 | 250.68 |
| **योगः-** | | | | | **1793.98** |

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

(1) प्रश्नगत चालू कार्य हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्य के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उक्त परियोजना के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये 17,93,98,000( रूपये सत्रह करोड़ तिरान्बे लाख अट्ठान्बे हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 058 लेखा शीर्षक 5054043371348 पं0 दीनदयाल उपाध्याय योजना के अन्तर्गत तहसील/ब्लाक/मुख्यालय को दो लेन मार्गो से जोड़े जाने हेतु मार्गो का निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढीकरण चालू कार्य मानक मद 24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक-07-जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(राजकुमार)
अनु सचिव।

संख्या-192/2022/1791ई**(1)/23-11-2022/010-1-1-37-2019, तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
10- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
12- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
15- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
16- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजकुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in